हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 फरवरी 2026



# समितियों में शत-प्रतिशत खरीदी का असर: मंडी में धान की आवक कम

## पिछले सालों के मुकाबले आवक में गिरावट, रबी फसल की खेती में जुटे अंचल के किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

प्रदेश में धान खरीदी समाप्त हो चुकी है और धान खरीदी के बाद शेष बचा धान मंडियों में पहुंचता है, लेकिन इस वर्ष समितियों में शत-प्रतिशत किसानों से धान की खरीदी पूर्ण होने के चलते मंडी में धान की आवक कम दिखाई दे रही है। बीते वर्ष जनवरी माह तक 959904 क्विंटल धान की आवक कृषि उपज मंडी में हुई थी। वहीं इस वर्ष जनवरी माह तक 840621 क्विंटल धान की आवक हुई है, जो बीते वर्ष के मुकाबले 119283 क्विंटल कम है।

मंडी में प्रतिदिन लगभग 17 क्विंटल के करीब धान की आवक हो रही है, जो धान खरीदी खत्म होने के बाद मंडी में आने वाली धान की औसत आवक से कम है। जिसकी एक वजह इस वर्ष सोसाइटियों में किसानों की शत-प्रतिशत धान की खरीदी को माना जा सकता है। प्रशासन द्वारा सेवा सहकारी समितियां में आने वाले अवैध धान को रोका गया। जिसके चलते महाराष्ट्र से बड़े पैमाने पर आने वाले कोचियों का धान इस वर्ष समितियों में नहीं खप पाया और किसानों का पूरा धान सीधे सोसायटी तक पहुंचा। जिसके चलते किसानों से उनके धान की पूरी खरीदी हो चुकी है। यहीं कारण है कि मंडी में धान खरीदी समाप्त होने के बाद भी आवक में तेजी देखने को नहीं मिली है, हालांकि अब भी सीमित मात्रा में किसान धान बेचने के लिए मंडी तक जरुर पहुंच रहे है।

### नहीं बिका कोचियों का धान

बताया जा रहा है कि धान कोचियों द्वारा किसानों के पर्चे में अवैध धान बेच दिया जाता था। जिसके बाद किसान को अपना बचत धान मंडी तक लाना पड़ता था, लेकिन इस वर्ष लगातार कार्रवाई के चलते कोचियों का धान बेचने से ऐसे किसान भी पीछे हट गए और उन किसानों ने अपना पूरा धान सीधे समिति में बेच दिया है। जिससे अब मंडी में धान की आवक कम हो गई है।



### मंडी में धान 1925 रुपए क्विंटल

बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए अधिक किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। किसानों से शासन द्वारा प्रति क्विंटल 3100 रुपए और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की गई। वहीं मंडी में धान लगभग 1925 रुपए की दर से बिक रहा है।

### धान खरीदी के दौरान कार्रवाई का असर

धान खरीदी के दौरान अवैध धान पकड़ने सक्रिय प्रशासनिक टीम की लगातार कार्रवाई के चलते मंडी में भी धान की आवक काम हो गई थी। जबकि मंडी में धान बेचने वाले किसानों को धान लाते समय अपना आधार कार्ड साथ रखकर वाहन में धान लाना था, लेकिन ताबड़तोड़ हो रही कार्रवाई का असर मंडी में धान की आवक पर भी दिखाई दिया।

## खबर संक्षेप

### वार्षिक उत्सव 28 को

**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन आगामी 28 फरवरी को होगा। शासकीय शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में आगामी वार्षिक उत्सव एवं पदक वितरण समारोह के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं प्रभारी प्राचार्य निर्मला उमरे की उपस्थिति में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि वार्षिक उत्सव महाविद्यालय परिसर में ही परंपरागत एवं भव्य स्वरूप में 28 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।
बैठक के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, मंच सज्जा, अतिथि सत्कार, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पदक वितरण व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की सहभागिता जैसे सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## शिक्षा विभाग ने पूरी की तैयारियां, 88 केंद्रों में आज 12वीं का पहला पर्चा

# कड़ी निगरानी में बोर्ड परीक्षाएं आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शुक्रवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत हो रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल से जारी टाईम टेबल के अनुसार कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से और कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से प्रारंभ होगी। आज स्कूलों में परीक्षा की तैयारी का जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह और जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने जायजा लिया। उन्होंने शहर के पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास स्कूल में पहुंचकर परीक्षा को लेकर की गई तैयारी देखी।

सीजी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर मंडल से जारी निर्देश अनुसार शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी स्कूलों में निर्बाध शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों के सभी केंद्र अध्यक्षों को इसके लिए पहले ही गोपनीय परीक्षा संपन्न करने प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं शहर के स्टेट हाईस्कूल में बने स्ट्रांग रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों के लिए निकटतम पुलिस थानों और चौकी में प्रश्न पत्र पहुंच चुके हैं। इन प्रश्न पत्रों को परीक्षा प्रारंभ होने से लगभग 1 घंटे



### जिले में अलग-अलग उड़नदस्ता टीम

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि गोपनीय सामग्री और उत्तर पुस्तिका को लेकर संबंधित केंद्र अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है। वहीं नकल रोकने और निगरानी के लिए शिक्षा विभाग के माध्यम से जिला स्तर पर दो उड़नदस्ता, राजस्व विभाग के माध्यम से चार उड़नदस्ता, विकासखंड स्तर पर शिक्षा विभाग और एसडीएम के माध्यम से भी उड़नदस्ता टीमें बनाई गई है, जो परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करेगी।

### 18 हजार से अधिक विद्यार्थी

प्रदेश में बोर्ड परीक्षा की शुरुआत कक्षा 12वीं से होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा सत्र 2026 में कक्षा 10वीं में कुल 10096 परीक्षार्थी एवं कक्षा 12वीं में 8015 परीक्षार्थी सम्मिलित होगें।

### परीक्षार्थियों को समझाईश

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों को भी गोपनीय और शांतिपूर्ण परीक्षा हल करने के लिए पहले ही परीक्षा में उपयोगी और अनुपयोगी वस्तुओं को लेकर जानकारी दी जा चुकी है। सभी विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में आने से पहले आवश्यक सामग्रियों को ध्यानपूर्वक रखने कहा गया है। वहीं सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से प्रवेश पत्र साथ लाने को लेकर निर्देशित किया गया है।

### पहला पर्चा भूगोल का

कक्षा 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी शुक्रवार से प्रारंभ होकर 10 मार्च तक चलेगी। कक्षा 12वीं में पहला पर्चा भूगोल का होगा। वहीं कक्षा दसवीं की परीक्षा 21 फरवरी शनिवार से शुरू होकर 7 मार्च तक आयोजित होगी। कक्षा दसवीं में पहला पेपर हिंदी का आयोजित होगा । इसके लिए 88 केंद्र बनाए गए हैं।

0 **राजनांदगांव।** बदलते मौसम एवं अपर्याप्त साफ सफाई के चलते शहरी क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। खासकर शाम होते ही मच्छरों के प्रकोप से आम लोग हलाकान होने लगे हैं। जिसका प्रमुख कारण नालियों की सफाई न होना माना जा रहा है।









## खबर संक्षेप

### श्रमिकों को बताया योजना के लाभ



**अर्जुनी।** विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण अधिनियम का प्रचार ग्राम पंचायत बनहरदी में किया गया। इस दौरान श्रमिकों को योजना के लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला भाजपा महामंत्री डिकेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल भाजपा अध्यक्ष भुवन साहू, दिनेश साहू, अजय वैष्णव, उमेश साहू, कुलेश्वर निषाद, मामेश साहू, भानु सोनी, कमल साहू, भावेश निक्की, जितेंद्र साहू, विजय साहू शामिल हुए।

### बीमा क्लेम का त्वरित भुगतान

**खड़गांव।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा पॉलिसी अंतर्गत नामिनी को



क्लेम का भुगतान किया गया। निलिमी जैन ने बताया कि अब तक पांच लोगों को क्लेम मिल चुका है। सभी नामिनी को 2 लाख का चेक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक खडगांव द्वारा दिया गया है। लोगों ने क्लेम मिलने पर ग्रामीण बैंक और निलिमा जैन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### अवैध धंधों ने फिर पसारा पैर

**डोंगरगढ़।** धर्मनगरी में जुआ सटटा और नशे का कारोबार बेरोकटोक चल रहा जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश बाद शराब, सटटा और जुआ लगभग बंद हो गया था जबकि नशीली दवाई भी बिकना बंद हो गई थी लेकिन अब नशे का धंधा एक बार फिर धडल्ले से चलने लगा है। आबकारी विभाग के संरक्षण में शासकीय शराब दुकानों से शराब की तस्करी की जा रही है वहीं मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की शराब भी पहुंच रही है। पुलिस कार्रवाई से स्पष्ट है कि पुलिस अधीक्षक की चेतावनी के बाद भी धर्मनगरी में अवैध कारोबार पर पूरी तरह अंकुश नहीं लगा है। स्थानीय जवाबदार अधिकारियों का संरक्षण अवैध धंधे में लोगों को मिल रहा है।

### स्किल डेवलपमेंट गतिविधियों का आयोजन

**बांधाबाजार।** संकुल स्त्रोत केन्द्र बांधाबाजार 2 अंतर्गत आने वाली



प्राथमिक शालाओं के बच्चों के हुनर को तराशने गत दिनों चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य सुनीता चौधरी के निर्देशन में स्किल इंडिया के तहत विषयगत अध्ययन के अलावा छात्रों की प्रतिभा को बाहर लाने के लिए संकुल स्तरीय चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रत्येक शाला से एक-एक छात्र ने भाग लिया। चित्रकला में राघव प्राथमिक शाला कोटरा ने प्रथम, आर्यन बालक शाला बांधाबाजार ने द्वितीय, रंगोली में करीना प्राथमिक शाला ब्राम्हणभेड़ी ने प्रथम, पल्लवी प्राथमिक शाला ढाढूटोला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### श्याम फागुन महोत्सव 27 से

**डोंगरगढ़।** मां बमलेश्वरी देवी की नगरी में आगामी 27 फरवरी से दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव एवं निशान यात्रा का आयोजन रखा गया है। श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम श्याम रिजॉर्ट में होगा। श्याम प्रेमी सीए मयूर अग्रवाल ने बताया कि आगामी 27 फरवरी को सुबह मुकेश भूत के घर से श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए वापस मुकेश भूत के घर पहुंचकर समाप्त होगी। दूसरे दिन 28 फरवरी को सुबह भगवान खाटू श्याम की धोक पूजन एवं आरती होगी। शाम 6 बजे से भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर बाबा का 56 भोग अलौकिक श्रृंगार के साथ दरबार सजेगा। कार्यक्रम में पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा, फल पान का भोग के साथ अमृतमय भजनों की प्रस्तुति होगी। भजन गायक संजीव शर्मा गुप्तकाशी तथा शुभम अग्रवाल तिरोड़ा होंगे। भजनों की प्रस्तुति के बाद शयन आरती के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। बाबा के भक्तों के लिए श्याम रसोई भी रखा गया है।

### शिक्षा से होगा स्वच्छ समाज का निर्माणः गिरवर

**डोंगरगढ़।** लालबहादुर नगर तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू के नेतृत्व में पढ़बो पढ़ाबो समाज ल आगु बढाबो के आव्हान के साथ ग्राम पीटेपानी, लामनाढ़ार, बोरतलाव, चाँद सुरुज अभियान का आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभांम्भ माँ कर्मा की पूजा, आरती के साथ हुआ। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि साहू समाज को शिक्षित समाज के रूप में जाना जाता है।कई ऐसे अच्छे कार्य हैं जिसका अन्य समाज भी अनुसरण करते है, लेकिन साहू समाज में अनेक कुरीति फैल रही है जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है। नशा केंसर की तरह फैल रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, कमलेश साहू, राजेन्द्र साहू, उमा साहू ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान ललिता साहू, कैलाश साहू, शांति साहू, मधु साहू, केदार साहू, अशोक साहू, खिलेश्वर साहू, विजय साहू, रामखिलावन साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक उभयराम साहू एवं सह संयोजक मीनेश साहू थे।

### मनरेगा श्रमिकों का केवाईसी आज

**छुरिया।** मनरेगा अंतर्गत पंजीकृत परिवारों के ई-केवाईसी करने कल 20 फरवरी को समस्त ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया जाएगा। इस अभियान अंतर्गत रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं मेट को निर्देशित किया गया कि वह पंचायत भवन, कार्यस्थल पर पंजीकृत श्रमिकों का ई-केवाईसी सुनिश्चित करें। जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मनरेगा डेटाबेस को आधार से जोड़कर मजदूरी भुगतान को पूर्णतः पारदर्शी बनाना है। उन्होंने बताया कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र श्रमिक तकनीकी कारणों से योजना से वंचित न हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी अनिवार्य होने के पश्चात जिन श्रमिकों का आधार सत्यापन पूर्ण नहीं होगा, उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं हो सकेगी तथा मजदूरी भुगतान में बाधा उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने श्रमिकों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं जॉब कार्ड के साथ पंचायत अथवा ब्लॉक कार्यालय में सत्यापन कराने की अपील की है।

### जिपं साधारण सभा की बैठक 25 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आगामी 25 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

---

### थोक सब्जी व्यापारियों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# अमला पहुंचा तालाबंदी करने तो दुकानदार पहुंचे दुकान मांगने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिना प्रस्ताव और सक्षम अनुमति के नए बस स्टैंड की दुकानों का आबंटित करने अमानत राशि जमा करना प्रशासन के लिए फांस बन गया है। वर्तमान में जहां नगर प्रशासन दुकानों को सील करने की तैयारी में है तो दुकानदार दुकानों का विधिवत आबँटन की मांग कर रहे है। आने वाले दिनों में इस मामले के और गहराने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार नए बस स्टैंड के बेसमेंट में बनी दुकानों को बिना सक्षम अनुमति, भौतिक सत्यापन और क्रय अधिनियम के विरूद्ध 18 थोक सब्जी विक्रेताओं को देने के लिए जुलाई से लेकर सितंबर 2024 की अवधि में 80- 80 हजार अमानत राशि पूर्व परिषद के कार्यकाल में जमा कराया गया था। इस संबंध में परिषद में कोई निर्णय नहीं होने के बाद दो अन्य व्यापारियों की राशि अक्टूबर जमा करा लिया गया था।




#### एक से अधिक को दुकान

अमानत रसीद जमा करने के बाद दुकानदारों को दी गई रसीद बेहद चौकानें वाली है। कई रसीदों में दुकानदारों का नाम तो अलग है किन्तु दुकान क्रमांक एक ही अंकित है। सवाल यह है कि अगर आबंटन की प्रक्रिया की जाती है तो किसे दुकान का आधिपत्य दिया जाएगा।

#### तालाबंदी का विरोध, मांगा दुकान

जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा दुकानों में तालाबंदी करने का प्रयास किया जा रहा है जिस पर विरोध के चलते अब तक कामयाबी नहीं मिली है। थोक सब्जी बिक्रेताओं ने गुरूवार को पूर्व पार्षद सिद्धिक बड़गुजर के नेतृत्व में एसडीएम और सीएमओ को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपकर दुकान आबँटन की मांग रखी। ज्ञापन सौंपने के दौरान लक्ष्मीनारायण, मो शरीफ, नीलकंठ सोनकर, प्रदीप देवांगन, अनिल साहनी, प्रदीप साहू, भूमिका, अजयकुमार, सचिन सोनकर, किशनलाल, राजूराम, छन्नूलाल, दीपक, गीतालाल, रईस, नूतन पटेल, शंकरलाल, नीलकंठ सिन्हा आदि मौजूद थे।



#### दुकानों का आबंटन नहीं

अमानत राशि जमा करने के दो साल बाद भी दुकानदारों को विधिवत दुकानों का आबंटन नहीं किया गया है हालांकि कुछ दुकानदारों की रसीद में इस बात का उल्लेख है कि किस नंबर की दुकान के लिए उनसे अमानत राशि लिया गया है। कई दुकानदारों से राशि तो जमा करवा लिया गया है किन्तु रसीद में दुकान क्रमांक का जिक्र नहीं है। जानकारी के अनुसार दुकानों के कथित आबंटन पर सवाल उठने के बाद नगर पंचायत का राजस्व अमला बुधवार को तालाबंदी करने पहुंचा था। जिन दुकानदारों ने राशि जमा किया है उन्होंने कार्रवाई का जमकर विरोध किया। उन्होंने जमा की गई राशि की वापसी पर भी सवाल उठाया जिसका जवाब अमला नहीं दे पाया। व्यापारियों के विरोध को देखते हुए अमले को बिना कार्रवाई के ही लौटना पड़ा।

---

# सम्मेलन में स्वास्थ्य सेवा पर विस्तार से हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

विकासखंड स्तरीय ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति ने स्वस्थ्य पंचायत सम्मेलन तथा जनसंवाद का आयोजन जनपद के सामुदायिक भवन में किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, ग्राम स्तर पर निगरानी करने वाली कार्यकर्ता आदि शामिल हुए। इस मौके पर स्वास्थ्य स्वच्छता, स्वास्थ्य कार्यक्रमों में प्रगति, शिशु एवं मातृ मृत्यु दर को कम करने, कुपोषण मुक्त पंचायत, आरोग्य मंदिर में योग शिविर का आयोजन, बीपी, शुगर एवं कैंसर की स्क्रीनिंग आदि के बारे में बताया गया। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मितानिन बहनों को सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने योग का प्रशिक्षण एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देकर किया गया। पं. अभय बाजपेईने माता की आरती, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिंहा, पूर्व विधायक छन्नी साहू, अनीता मंडावी, राधिका मंडावी, जनपद सीईओ होरीलाल साहू, शकुन दास, रोशन नंदेश्वर, कल्याण सिंह, पुष्पलता, पुनाराम सिन्हा, पुष्पलता कुंजाम, लीना गायकवाड, पूर्णिमा बाई, गंगेश्वरी, ललिता, पूर्णिमा, दुष्यंत आदि शामिल हुए।

#### आवेदन लिए गए

सम्मेलन में कुल 187 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें जनपद पंचायत के 137, खंड चिकित्सा अधिकारी के 26, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 4, मुख्य परियोजना अधिकारी के 4 एवं विधायक के 12 आवेदन शामिल थे। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों एवं प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। संचालन आशा साहू, सुशील अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन सुकून दास ने किया।

---

## पशुधन प्रदर्शनी एवं मेला आज

**साल्हेवारा।** पशुधन विकास विभाग ने पशुधन प्रदर्शनी एवं मेला उत्सव का आयोजन कल 20 फरवरी को समनापुर में किया है। प्रदर्शनी में दुधारू गाय, संकर बछिया, स्वस्थ बछड़ा, बैल जोड़ी, भैंस-भैंसा, बकरी-बकरा, शूकर तथा मुर्गी-मुर्गा सहित पशुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। उत्कृष्ठ पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। पशुधन विकास विभाग ने अंचल के सभी पशुपालकों एवं ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस पर बच्चों ने की माता-पिता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

- पश्चिमी संस्कृति को त्यागने का संकल्प

भारतीय सनातन संस्कृति में एवं इस धरा में माता पिता ही ईश्वर के प्रतिनिधी एवं धरती के असली भगवान है। हम ईश्वर को देख तो नही सकते है लेकिन आज जिन्होंने हमे इस धरा में लाया है उस माता पिता को ही हम भगवान मान सकते है। शनिवार को नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पाश्चात्य संस्कृति को त्याग कर 14 फरवरी के दिन को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सैकडों बच्चों ने अपनी सनातनी संस्कृति के अनुरूप अपने माता पिता का पूजन अर्चन किया।

नगर के साहू धर्मशाला में श्री योग वेदांत सेवा समिति की अगुवाई में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। नगरीय निकाय क्षेत्र में आयोजित इस समारोह में नगर के सैकडों बच्चे अपने माता पिता एवं अभिभावकों के साथ शामिल हुए।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं नगर के वरिष्ठ नागरिक सेवानिवृत्त प्राचार्य देवनारायण मिश्र एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता तथा पार्षद ईश्वरी ध्रुवे अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के आरंभ में श्री योग वेंदात सेवा समिति के अध्यक्ष कमलेश गिरी गोस्वामी ने आयोजन के संदर्भ एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की आज विज्ञान एवं आधुनिक युग में लोग अपनी संस्कृति को भूलकर पश्चिमी संस्कृति को अपना रहे है। श्री गोस्वामी ने कहा की ऐसा नही होना चाहिए।

आयोजकों ने भारत की प्राचीन गौरवशाली संस्कृति को बताते हुए 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे न मनाकर इस दिवस को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाने का आहवान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी योगेन्द्र मिश्रा, रोशनी साहू, डॉ नीलंकठ, आशिष कसार, रामेश्वरी सुपेत, पप्पू साहू, लक्ष्मी ढोक, गोलू श्रीवास्तव, नितीन गोस्वामी, विजय वैष्णव, एवं श्री योग वेंदात समिति के रामेश्वर साहू, मुन्नालाल साहू, तिरंगे साहू, भारती साहू, तृप्ति वैष्णव, प्रेमलता गोस्वामी, धारिका साहू, रूमीन साहू, गायत्री साहू, निधि साहू, विपिन गोस्वामी, बिसरू पटेल, आस्था गोस्वामी, शारदा साहू, दीक्षा गोस्वामी सहित काफी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

#### मातृ-पितृ पूजन दिवस

ग्राम विचारपुर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिंदी माध्यम उमाशा में इस विद्यालय के तीन सौ से अधिक बच्चों ने मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। विचारपुर के ग्रामवासियो एवं यहां के बच्चों के लिए 14 फरवरी का दिन ऐतिहासिक रहा। पहली बार यंहा के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल व हायर सेकेंण्डरी के बच्चे स्कूल अपने माता पिता के साथ आए।

---

# सेवा भर्ती नियम से शिक्षकों में निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग ने हाल ही में शिक्षा सेवा भर्ती नियम जारी किया है जिसे लेकर शिक्षकों में असंतोष देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम ने कहा कि नए नियमों में एलबी संवर्ग के शिक्षकों की पदोन्नति की संभावनाओं को सीमित कर दिया है। शिक्षक एलबी संगठनों का कहना है कि पूर्व में प्रचलित हेड कैडर व्यवस्था को हटाकर एकीकृत वरिष्ठता सूची लागू करने से वर्षों से सेवा दे रहे एलबी शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है। उनका आरोप है कि पदोन्नति में 50-50 प्रतिशत का संतुलन समाप्त कर प्रत्यक्ष भर्ती को अधिक महत्व दिया गया है, जिससे कार्यरत शिक्षकों का मनोबल प्रभावित होगा।

#### एलबी कैडर यथावत रखने की मांग

एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने शासन से एलबी संवर्ग को पदोन्नति में उचित अवसर देने, प्रत्यक्ष भर्ती एवं पदोन्नति का अनुपात संतुलित रखने, वरिष्ठता के आधार पर पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा सहायक संचालक एवं बीईओ जैसे पदों पर पदोन्नति को प्राथमिकता देने की मांग की है। मांग करने वालों में शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, मनोज वर्मा, देवेन्द्र साहू, शरद शुक्ला, चंद्रिका यादव, बृजेश वर्मा, महेश ठाकुर, ईश्वर मंडावी, महेश ऊईके, संदीप साहू, राजेश साहू, रतिराम कन्नौजे, गिरीश हिरवानी, मनीष पसीने, दिनेश कुरैटी, अनिल शर्मा शामिल हैं।

#### एलबी शिक्षकों की उपेक्षा का आरोप

एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र यदु ने बताया कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को पदोन्नति में अपेक्षित अवसर नहीं मिल पा रहा है। उनका कहना है कि पदोन्नति के पर्याप्त अवसर नहीं दिए गए तो शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

---

# शिशु मंदिर में खेलकूद का आयोजन

**बांधाबाजार।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ पितृ पूजन दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के अध्यक्ष रामकिशन खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ संतोष द्विवेदी, हीरालाल सिन्हा तथा रोहित दास मानिकपुरी थे। अध्यक्षता प्राचार्य देवेंद्र मिश्रा ने की। मातृ पितृ पूजन के बाद शिशु नगरी कार्यक्रम के तहत विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। शैक्षिक आयामों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर प्राचार्य श्री मिश्रा ने कहा कि विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बचपन के दिए गए संस्कार मस्तिष्क में अमिट छाप छोड़ते हैं। बच्चों के बड़े होकर संस्कारों को याद और उसका अनुशरण करते हैं। अंत में माताओं के खेल का आयोजन किया गया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



---

# केशो खैरी में बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण



- अतिथियों ने भगवान बिरसामुंडा को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

केशोखैरी में ध्रुव गोंड आदिवासी समाज ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित किया है। प्रतिमा का अनावरण राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने किया। इस दौरान एमडी ठाकुर, विधायक आमगांव संजय पुराम, जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा उपस्थित थे। अतिथियों ने देवी देवताओं के पूजा अर्चना कर मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर श्री चंद्राकर ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा भारत महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और जननायक थे। उन्होंने अंग्रेजों और जमींदारों के अत्याचार के खिलाफ आदिवासी समाज को एकजुट कर संघर्ष किया। इस मौके पर श्री ठाकुर, श्री पुराम ने आदिवासियों से अपनी संस्कृति, परंपरा और आत्मसम्मान बचाने का आव्हान किया। इस अवसर पर सुरेंदर सिंह भाटिया, खिलेश्वर साहू, कामता साहू, अनिता मंडावी, बीरम मंडावी, प्रशांत ठाकुर, उभेराम मंडावी, स्वाति मंडावी, रामकुमार मंडावी, महेश मंडावी, हनीफ कुरैशी सहित अन्य मौजूद थे।

## फाग गायन प्रतियोगिता एक से

**विष्णुपुर।** ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में दो दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन एक और 2 मार्च को रखा गया है। स्पर्धा के झांकी पक्ष में विजेताओं को क्रमशः 7001, 5001, 4001, 3001, 2001, 1001 रुपए, रचना पक्ष में 5001, 3001, 2001, 1501 एवं 1001 रूपए और फोटो फ्रेम दिया जाएगा। इसके अलावा प्रथम मंचस्थ मंडली, श्रेष्ठ राधा कृष्ण, श्रेष्ठ वेशभूषा, श्रेष्ठ वादन, श्रेष्ठ गायन, श्रेष्ठ अनुशासन और श्रेष्ठ रचना के लिए 501- 501 रुपए दिया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक भागवत वर्मा ने क्षेत्रवासियों से शामिल होने की अपील की है।

# छात्रों ने जानी पौधों की प्रजातियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव




स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान एवं कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत शासकीय उद्यानिकी रोपणी राजनांदगाव का भ्रमण किया। विज्ञान संकाय प्रमुख हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख, अनमोल पगारे ने यह आयोजन प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करने, पौधों की प्रजातियों से अवगत कराने, रोपण विधि, देखभाल तथा संरक्षण के उपायों के लिए किया था। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों ने विभिन्न पौधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पौध उत्पादन की प्रक्रिया को देखा। इस अवसर पर आम के पौधों में ग्राफ्टिंग प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन किया गया। बताया गया कि ग्राफ्टिंग के माध्यम से उत्तम गुणवत्ता वाले और अधिक उत्पादन देने वाले पौधे तैयार किए जाते हैं। नर्सरी में स्थापित हाई-टेक पॉलीहाउस के बारे में भी जानकारी दी गई। भ्रमण में चंचल, नुरंजलि, दीपिका, काजल, नम्रता, तामेश्वर, युवराज, कशिश, अविनाश, रोहन, जितेन्द्र, अमन, दीपा, शुभम, खुमान, भावना, दिव्या, खुशी, मनीष शामिल हुए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों की बैठक 21 को

**खैरागढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 जनवरी 26 तहत फोटोयुक्त मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किया गया हैं। जिसके अनुसार भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त निर्देशानुसार 21 फरवरी 26 को फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की प्रतियां प्रदान की जानी हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में 21 फरवरी को 11 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी व छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) सहित अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष/सचिव को आमंत्रित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित दलों के प्रतिनिधियों से निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है, ताकि निर्वाचन नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया विधिवत संपन्न की जा सके।

### पार्षद सावत देवांगन ने खोला मोर्चा, सीएमओ एवं उपमुख्यमंत्री से शिकायत

# बनाना था 191 मीटर सड़क, बनी 64 मीटर, ठेकेदार को किया पूरा भुगतान

## नगर पंचायत गंडई में भ्रष्टाचार का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई में विकास कार्यों के नाम पर बंदरबांट और भारी भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 13 टिकरीपारा के पार्षद सावत देवांगन ने अधोसंरचना मद के तहत सीसी रोड निर्माण में धांधली का खुलासा किया है। आरोप है कि कागजों पर 191 मीटर सड़क दिखाकर निर्माण पूर्ण होने की जानकारी देते हुए ठेकेदार किसनलाल यादव को पूर्ण भुगतान कर दिया गया है जबकि मौके पर मात्र 64 मीटर सड़क ही बनाई गई है। बताया गया कि उक्त सड़क की लागत 5 लाख 42 हजार थी।ठेकेदार को निकाय द्वारा 4 लाख 20 हजार से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 13 में खिलावन देवांगन के घर से देवांगन भवन तक सीसी रोड निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ था, जिसकी लागत लगभग 5.42 लाख थी। पार्षद सावत देवांगन ने जांच में पाया कि ठेकेदार किशन यादव ने अधिकारियों से साठगांठ कर काम को अधूरा छोड़ दिया, लेकिन निकाय के जिम्मेदारों ने बिना भौतिक सत्यापन के ठेकेदार को पूरा भुगतान कर दिया।



### भ्रष्टाचार की लंबी फेहरिस्त

गंडई नगर पंचायत में यह कोई पहला मामला नहीं है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि बिना जनता की मांग एवं गैर जरूरी जगहों पर चेकर टाइल्स लगाया जा रहा है। निर्माण कार्यों में बेहद घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग हो रहा है। संधारण के नाम पर भी सरकारी खजाने को चूना लगाया जा रहा है।

### पार्षद को रखा अंधेरे में

पार्षद सावत देवांगन ने बताया कि उन्होंने परिषद की बैठक में सीएमओ अविनाश देवांगन से स्पष्ट कहा था कि ठेकेदार को बिल भुगतान करने से पहले मुझे जानकारी दी जाए। परंतु उन्हे अंधेरे में रखा गया और ठेकेदार को चुपके से भुगतान कर दिया गया।

### जांच के बाद नोटिस जारी होगी

सीएमओ अविनाश देवांगन ने बताया कि पार्षद ने शिकायत कर सीसी रोड निर्माण की जांच की मांग की है। रोड निर्माण में कम काम हुआ है, तो संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री और संयुक्त संचालक से शिकायत

इस मामले को लेकर पार्षद सावत देवांगन ने नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी प्रति उपमुख्यमंत्री अरुण साव, संयुक्त संचालक एवं क्षेत्रीय संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग दुर्ग को भी भेजा है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्टार्टअप व उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम



**खैरागढ़।** जिला व्यापार व उद्योग केंद्र द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक दिवसीय स्टार्टअप और उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

युवाओं को स्वरोजगार व उद्यमिता के प्रति प्रेरित करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक प्रणय बघेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में स्टार्टअप संस्कृति युवाओं के लिए रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बन रही है। प्रदेश शासन द्वारा स्टार्टअप एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने अनुदान, कर मे छूट, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन सहित अन्य प्रोत्साहन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में पहल करने का आह्वान किया। उपस्थित विद्यार्थियों द्वारा योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में युवाओं में नवाचार, उद्यमिता की भावना विकसित करन उन्हें उपलब्ध शासकीय सहायता व संसाधनों की जानकारी प्रदान कर स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित किया गया।

### रहमतों और बरकतों के साथ इबादत का महीना शुरू



**राजनांदगांव।** इस्लामिक कैलेंडर के सबसे पवित्र महीने माह-ए-रमजान का आगाज हो चुका है। 18 फरवरी को चांद की तस्दीक होने के बाद मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज हुई। 19 फरवरी को पहला रोजा रखा गया। जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने देशवासियों और मुस्लिम समुदाय को रमजान शरीफ की मुबारकबाद पेश की। उन्होंने कहा कि रमजान का यह महीना अल्लाह की रहमत, मगफिरत और बरकतों का पैगाम लेकर आया है। यह वह मुबारक महीना है। जिसमें पवित्र कुरआन नाजिल हुआ। उन्होंने कहा कि रमजान केवल रोजा रखने का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, सब्र और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। उन्होंने रोजेदारों से अपील की है कि वे इस पाक महीने में जरूरतमंदों की मदद करें। वहीं जकात व दान-पुण्य के माध्यम से रूहानी फैज हासिल करें।

## जबलपुर में आमंत्रित हुए प्रो राजन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि के हिंदी विभाग अध्यक्ष व कला संकाय प्रो डॉ राजन यादव को जबलपुर मप्र के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि व विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता की खोज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में नवोन्मेषी पद्धतियों के उपयोग विषय पर उच्च शिक्षा विभाग भोपाल व विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर द्वारा आयोजित संगोष्ठी मे रानी दुर्गावती विवि के कुलपति प्रो राजेश कुमार वर्मा मुख्य अतिथि, विक्रम विवि उज्जैन के पूर्व कुलपति प्रो अखिलेश कुमार पांडेय विशिष्ट अतिथि, अपर संचालक जबलपुर संभाग के प्रो पीआर चंदेलकर व प्रो राजन यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। अध्यक्षता विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा सक्सेना ने की।



### प्रतीक चिन्ह किया भेंट

प्रथम तकनीकी सत्र मे भारतीय ज्ञान परंपरा का उल्लेख करते हुए प्रो राजन यादव ने कहा कि भारत राष्ट्र की सीमाएं किसी सम्राट के अश्वमेध, सुल्तान या वायसराय की विजय यात्रा से नहीं बनी है। यह मानचित्र देश की सभ्यता और संस्कृति सेबना है। सच्चाई यही है कि सांस्कृतिक यात्राओं और सभ्यता के वृतों से भारत का स्वरूप निर्धारित होता है। भाषाएं चाहे जितनी भी हों लेकिन उन सबके भीतर भारत की एक ही आत्मा अपने को अभिव्यक्त व्यक्त करती है। एक ही गंगोत्री का जल है, जो अनेक नदियों में बह रहा है, एक ही सूर्य का बिंब है, जो अनेक पात्रो में जगमगा रहा है। उद्घाटन सत्र में प्रो राजन यादव को संगोष्ठी संयोजक डॉ आरके श्रीवास्तव ने उत्तरीय व प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट, 33 संभावित मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

महाशिवरात्रि महोत्सव दौरान रुक्खड़ स्वामी मंदिर परिसर में आयोजित निशुल्क कैंसर जांच शिविर पूरे आयोजन का सबसे महत्वपूर्ण और जनहितकारी केंद्र बनकर सामने आया। मेडिकल सेंटर के सहयोग से अत्याधुनिक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट पहली बार शहर पहुंची, जिससे ग्रामीण अंचलों के लोगों को बड़ी राहत मिली और विशेषज्ञ जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकी। विशेषज्ञों के अनुसार इस यूनिट में स्तन कैंसर, बच्चेदानी कैंसर और मुख कैंसर तीनों की स्क्रीनिंग एक ही वाहन में की जाती है। सामान्यतः ऐसी जांच के लिए मरीजों को बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है लेकिन इस पहल ने ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को उनके द्वार तक पहुंचा दिया।

### पहली बार शहर में पहुंची जीवन रक्षक सुविधा

आयोजकों के अनुसार इतनी उन्नत कैंसर जांच सुविधा का खैरागढ़ में यह पहला अवसर है। ग्रामीणों ने इसे जीवन बचाने वाली पहल बताते हुए कहा कि अब गंभीर बीमारी की जांच के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। शिविर का संचालन कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रसाद पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। उनके साथ विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम मौजूद रही। टीम ने मरीजों की जांच के साथ परामर्श और आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया।

### नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर



### 115 लोगों ने लिया लाभ

शिविर में गांव-गांव से आए लगभग 33 संभावित मरीजों की विशेष जांच की गई। इनमें ऐसे लोग शामिल थे जिनमें गठान, लगातार दर्द या अन्य संदिग्ध लक्षण पाए गए थे। कुल मिलाकर करीब 115 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। आंकड़ों के अनुसार 29 मरीजों की विस्तृत स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 7 की मेमोग्राफी और 4 का पैप स्मीयर परीक्षण किया गया। जांच की अंतिम रिपोर्ट 6 से 10 दिनों के भीतर मिलेगी, जिसके बाद आवश्यक उपचार की दिशा तय की जाएगी।

### संभावित मरीजों की पहचान कर प्रारंभिक जांच

चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में विशेष रूप से उन लोगों को प्राथमिकता दी गई जिनमें कैंसर के शुरुआती लक्षण दिखाई दे रहे थे। समय पर जांच से बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव होती है, जिससे उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित यह शिविर आस्था और सेवा के अद्भुत समन्वय का उदाहरण बना। मंदिर परिसर में एक ओर जहां हजारों श्रद्धालु पूजा-अर्चना में जुटे रहे, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य जांच के माध्यम से जनसेवा का कार्य भी निरंतर चलता रहा। मंदिर समिति ने चिकित्सकों, सहयोगी संस्थाओं और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से युवाओं को मिल रहा रोजगार

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिले में युवाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं और कौशल उन्नयन होने से युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा निजी संस्थाओं में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा निवासी हर्ष साहू ने डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें निजी संस्था टेक्नोटास्क में रोजगार प्राप्त हुआ। हर्ष साहू ने बताया कि कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता के कारण उन्हें रोजगार मिला है। जिससे वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में योगदान दे रहे हैं। इसी तरह ग्राम अंजोरा (ख) जिला दुर्ग निवासी आकांक्षा कुशवाहा ने डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण प्राप्त कर टेक्नोटॉस्क में रोजगार का अवसर मिला है। ग्राम थनौद जिला दुर्ग के आशीष कुमार पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वायडी फूड प्रोडक्ट में रोजगार मिला। अब वह परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## पूर्व छात्र सम्मेलन सहित होनहारों को पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- पीएमश्री बक्शी स्कूल में वार्षिक उत्सव

लगभग 141 साल पुराने पीएमश्री डा. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय में रंगारंग भव्य वार्षिक उत्सव, पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के मुख्य अतिथ्य में हुआ।

मुख्य अतिथि विधायक यशोदा वर्मा ने छात्रो को ऐतिहासिक स्कूल में पढ़ने को खुशनसीबी बताते हुए कहा कि अपनी प्रतिभा प्रदर्शन लिए आज सभी आएं है। उन्होंने पढई के लिए ही मोबाईल का उपयोग करें। बेहतर शिक्षा अर्जित करने से बेहतर भविष्य का निर्माण होता है।

विधायक यशोदा वर्मा ने प्राचार्य अनुराग सिंह व जनभागीदारी अध्यक्ष शशांक ताम्रकार की मांग पर स्कूल परिसर में प्रार्थना स्थल के पास डोम सेट निर्माण के लिए 10 लाख रूपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि घम्मन साहू ने कहा है कि इस ऐतिहासिक स्कूल की पहचान पूरे देश में है। सांसद प्रतिनिधि भागवतशरण सिंह ने कहा है कि संस्था का नाम महान साहित्यकार डा. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी से जुड़ा है जो बेहद गौरवशाली है। उन्होने संस्था विकास के लिए सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षको व पूर्व छात्रो को बैच लगाकर व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्राचार्य अनुराग सिंह ने शालेय प्रतिवेदन का वाचन किया। कार्यक्रम मे जनपद अध्यक्ष डॉ राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी, नपा अध्यक्ष गिरिजा नंद चन्द्राकर, जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, प्रदेश कांगेस कमेटी सदस्य नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत सभापति दिनेश वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष लखनलाल साहू, डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी, सभापति रूपेन्द्र रजक, नीलिमा महेश गोस्वामी, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शंशाक ताम्रकार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरूण भारद्वाज, कमलेश कोठले, सुमित टांडिया, देवीन कोठले, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अयूब सोलंकी, यतेन्द्रजीत सिंह, दीपक देवांगन, धर्मेंद्र सांखला, जनपद सदस्य शैलेन्द्र मिश्रा, पांडादाह मंडल भाजपा अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, ऋषभ सिंह, वंदना टांडेकर, नीलम राजपूत सहित संस्था के पूर्व छात्र मो याहिया नियाजी, कर्मजीत सिंह, जितेन्द्र यादव, किशोर सोनी, प्रदीप बोरकर, आशीष तिवारी सहित शिक्षिका किरण सिंह, सीमा यादव, करूणा सिंह, सविता यादव, सायरा कुरैशी, आशीष मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, शैलिनी सिंह, वैशाली श्रीवास्तव व नरेन्द्र साहू, सेनि शिक्षक मुश्ताक कुरैशी, शक्ति सिंह, देवेन्द्र महोबे, बालमुकुंद वर्मा मौजूद थे।



### आम सूचना

मेरे कार्यार्थी गजानंद आ. श्री पल्टन कलार निवासी चकनार (नर्मदा) तहसील गंडई जिलाः खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) के निर्देशानुसार एवं प्राधिकृत होकर आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे कार्यार्थी के पिता श्री पल्टन तथा माँ श्रीमती कमला बाई के संयुक्त नाम पर ग्राम चकनार स्थित कृषि भूमि ख. नं. क्रमशः 616/1, 655/2 योग 02, हेक्टेयर क्रमशः 0.312, 0.381 है मेरे कार्यार्थी के पिता श्री पल्टन करीब 10 वर्ष पूर्व से शरीर के दाहिने हिस्से में लकवाग्रस्त है और मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप से पीड़ित है जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णतः असक्त है और उनके स्मरण शक्ति पूर्णतः क्षीण हो गया है जो पूर्णतः बोलने चलने फिरने, व्यक्तियों को पहचानने की स्थिति में नहीं है। उनका करीब 10 वर्ष से लाईफ वर्थ हास्पिटल समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) डॉ. श्री अरूण केडिया से निरंतर इलाज जारी है मेरे कार्यार्थी के पिता जी अपने स्वस्थ अवस्था में ख.नं. 616/1 हेक्टेयर 0.321 को मेरे कार्यार्थी को दिया है और माँ श्रीमती कमलाबाई द्वारा ख.नं. 655/2 हेक्टेयर 0.381 को मेरे कार्यार्थी के भाई अशोक को दिया है।

मेरे कार्यार्थी के पिताश्री पल्टन शारीरिक, मानसिक रूप से पूर्णतः असक्त स्मरण शक्ति क्षीण है और कुछ भू-माफियों द्वारा मेरे कार्यार्थी के पिता के शारीरिक, मानसिक एवं स्मरण शक्ति क्षीणता का अनुचित लाभ उठाते हुए ख.नं. 616/1 हेक्टेयर 0.312 को विक्रय कराकर उप पंजीयक गंडई को नर्मदा स्थित घर बुलाकर विक्रय पजीयन कराने की कोशिश किया जा रहा है।

मेरे कार्यार्थी द्वारा उप पजीयक कार्यालय गंडई में विस्तृत आपत्ति प्रस्तुत किया गया है उक्त कृषि भूमि ख.नं. 616/1 हेक्टेयर 0.312 को किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा क्रय न कर विक्रय पंजीयन न करावें।

सूचना जाने।

दिनांक : 16/02/2026

(धनराज ताम्रकार)
अधिवक्ता
गंडई/ छुईखदान, जिला- केसीजी

### युवा सम्मेलन में जिला अध्यक्ष आयाश का स्वागत

## चुनाव की तैयारी में जुटने का किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

भाजपा नर्मदा मंड़ल ने गुरूवार को नर्मदा मंदिर परिसर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयाश बोनी शामिल हुए।

भाजपा कार्यकर्ता ने श्री सिंह का आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। युवा मोर्चा ने कुकुरमुड़ा से नर्मदा मंदिर तक बाईक रैली का आयोजन किया। नर्मदा मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना कर युवा सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सभा को संबोधित करते हुऐ श्रीसिंह ने पुनः जिम्मेदारी मिलने पर युवाओं को धन्यवाद दिया। उन्होने युवा मोर्चा को मजबुत करते हुए विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने कहा। सभा को शैलेन्द्र तिवारी, आनंद पटेल ने भी संबोधित किया। आभार व्यक्त ज्योति जंघेल ने किया।




### नई योजना की दी जानकारी

जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा ने विकसित भारत जी राम जी की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि लोगों में इस नाम और योजना को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसे दूर करना है। उन्होंने कहा कि नाम के साथ इस योजना को पहले से बेहतर बनाया गया है। योजना के माध्यम से अब मजदूर को साल में 125 दिन का काम और मूल्यांकन के पखवाड़े भर में भुगतान मिल जाएगा। मजदूर की मांग पर काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता का पात्रता होगी। कार्यक्रम में शैलेन्द्र तिवारी, अनिश सिंह, नवीन चंद्राकर, शिवांश बहादुर, पवनसिंह, वेदांत सिंह, कमलेश साहू, हर्ष दीप, नर्मदा मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल, मंड़ल युवा मोर्चा अध्यक्ष बालकिशन जंघेल, भीखु हिरवानी, डोमारसिंह भेड़िया, ज्योति जंघेल, इन्द्राणी वर्मा, ललिता मानिकपुरी, रेखा मेरावी, अनुज साहू, संतन साहू, काशीराम पोर्ते, अंजु जंघेल, अमर सिंह, महेश जैन, निक्कु जैन, लोमश वैष्णव, ऋषभ सिन्हा, दीपेन्द्र वर्मा किशन सेन, तामेश्वर वर्मा, धनऊ राम जंघेल, नरसिग साहू, कृपा यादव, आकाश जायसवाल, माखन जंघेल, शिव पटेल, जानी मसखरे, तुका राम साहू, रिंकु जंघेल, रोशन पाल, धनंजय जंघेल मौजूद थे।

## शराब नीति में बदलाव से सियासत तेज, मनराखन का सरकार पर हमला



**खैरागढ़।** प्रदेश सरकार की आबकारी वर्ष की नई नीति को लेकर सियासत तेज हो गई है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि सरकार को प्रदेश की जनता की चिंता नहीं बल्कि केवल राजस्व बढ़ाने की चिंता है। नई आबकारी नीति के तहत पूर्व में निर्धारित सात ड्राई डे में से तीन दिनों होली, मुहर्रम और महात्मा गांधी निर्वाण दिवस को ड्राई डे की सूची से हटा दिया गया है।

अब इन अवसरों पर शराब बिक्री पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। नई नीति अनुसार अब प्रदेश में केवल चार दिन ही ड्राई डे घोषित किए गए हैं गणतंत्र दिवस, 15 स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती और गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर प्रदेश की शराब दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। मनराखन देवांगन ने कहा कि पहले वर्ष में सात दिन शराब दुकानें बंद रखने का प्रावधान था जिसे घटाकर चार दिन कर दिया गया है। उन्होंने विशेष रूप से होली जैसे पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस दौरान अक्सर मारपीट और आपराधिक घटनाएं बढ़ती हैं। ऐसे समय में शराब दुकानें खुली रखने का निर्णय सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। श्री देवांगन ने कहा कि आखिर सरकार की मंशा क्या है क्या वह सामाजिक संतुलन और कानून व्यवस्था को मजबूत करना चाहती है या केवल शराब बिक्री से राजस्व अर्जित है। विधायक प्रतिनिधि ने आगे कहा कि प्रदेश की जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और सामाजिक असुरक्षा जैसी समस्याओं से जूझ रही है, ऐसे में सरकार का प्राथमिकता क्रम सवालों के घेरे में है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने आबकारी नीति पर पुनर्विचार नहीं किया तो जनआंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री अशोक शर्मा आ. मेघराज शर्मा निवासी सिंघदई चौक मोहारा तह व जिला राजनांदगाँव ने विक्रेता राम सिंह आ. झरियार आयु 58 वर्ष जाति तेली साकिन थुवाडबरी पो. छछानपहरी के मालिकाना हक व स्वामित्व में भूमि स्वामी हक की कासत्कारी भूमि खसरा नं 71/3, 71/4, 364/2, 80/6 रकबा क्रमशः 0.28, 0.21, 1.11, 0.19 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.79 हेक्टेयर ग्राम थुवाडबरी प. ह. नं. 18 रनिम ० तह चौकी जिला मोहला मानपुर चौकी छत्तीसगढ़ में स्थित हैं। जिसे मेरे पक्षकार के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर कुल चुकती रकम प्राप्त कर लिया हैं, सौदाशुदा भूमि का केवल विक्रय विलेख के पंजीयन निष्पादन की औपचारिकताये शेष हैं।

उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, व्यक्तियों की संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्थान को किसी भी प्रकार का उज्र दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के दस दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालीन पते पर प्रस्तुत कर देवे समयावधि उपरांत की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी और विक्रय विलेख का पंजीयन कर दिया जावेगा सो सूचना जाने।

दिनांक : 19-02-2026

विनोद कुमार शुक्ला (आधिवक्ता)
पूर्व अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ
ब्राह्मण पारा, गांधी चौक, राजनांदगाँव
मोः- 94241-26898

## सार समाचार

### संतोष ने विधायक प्रतिनिधि का ग्रहण किया पदभार

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बुधवार को स्पीकर हाउस में डॉ. रमन सिंह के विधायक प्रतिनिधि के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी और



मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। संतोष अग्रवाल ने पारंपरिक एवं धार्मिक रीति रिवाज से अपने कक्ष का पूजा-अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया। मिली जानकारी के अनुसार संतोष अग्रवाल भाजपा के कद्दावर नेता हैं और लंबे समय से राजनीतिक रूप से सक्रिय भूमिका के साथ संगठनात्मक कार्यों में महत्वपूर्व भूमिका का निर्वहन करते रहे हैं। श्री अग्रवाल पूर्व में भी तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के चुनाव प्रभारी एवं कैम्प कार्यालय के प्रभारी रह चुके हैं, इसलिए उनके दीर्घकालिन अनुभव का लाभ लेने डॉ. रमन सिंह ने उन्हें सभी विभागों के लिए अपना प्रभारी बनाया है। अब श्री अग्रवाल कैंप कार्यालय (स्पीकर हाऊस से लगा हुआ) में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिदिन उपलब्ध रहेंगे।श्री अग्रवाल को बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महापौर मधुसूदन यादव, बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, सौरभ कोठारी, राजेश श्यामकर, हरीश शर्मा, सावन वर्मा, शिव वर्मा, रघुवीर वाधवा, हकीम खान, दीपक चौहान, अरूण शुक्ला, दिनेश गुप्ता, संजय लडवन, उतम साहू सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सोमनी स्कूल में छात्र-छात्राओं का सम्मान

**सोमनी।** शासकीय उमा शाला सोमनी में शाला में वर्षभर किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम शैक्षणिक, सांस्कृतिक खेलकूद एवं अन्य सभी गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं




शाला में अपना स्थान बनाने वाले विद्याथियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमन सिंह राजपूत महामंत्री भाजपा ग्रामीण मण्डल सोमनी राजनांदगांव पत्रकार व अध्यक्षता नेपाल साहू अध्यक्ष वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति सोमनी ने किया। टीएल चंद्राकर सेवानिवृत्त व्याख्यता एवं उमेश कुमार साहू थे। विशेष अतिथि संस्था के प्राचार्य सविता अवस्थी थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर किया गया। तदोपरांत अतिथियों रमन सिंह राजपूत, नेपाल साहू, टीएल चन्द्राकर, उमेश कुमार साहू का स्वागत पुष्पहार से संस्था प्राचार्य व शाला परिवार द्वारा किया गया। प्राचार्य का स्वागत शिक्षिका द्वारा किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य सविता अवस्थी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते आशीर्वाद दिया तथा जीवन के अनुभव को साझा करते पढ़ाई हेतु कड़ी मेहनत करने शाला, गांव व अपने परिवार का नाम रोशन करने कहा। इसके अतिरिक्त खुमेश्वरी शर्मा, प्रधान पाठक नरेश दुरूकर, संकुल समन्वयक व्याख्याता सुनील भागवत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ईश्वरी कोर्राम, पूर्णिमा चौबे, एस. देवांगन, सीमा सिंह, निर्मला राजपूत, जितेश्वरी देशमुख, एम. श्रीवास्तव, किरण राणा, प्रभात साहू, ममता सिंह, बबीता गिरी सहित शाला परिवार उपस्थित थे।

### पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुमीता श्रीवास्तव के निर्देशन में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पोषण विद्यालय



संपर्क अभियान का आयोजन 17 फरवरी को डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा. विद्यालय राजनांदगांव में किया गया। इसके अंतर्गत डॉ. सुमीता श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। डॉ.मीना प्रसाद सहायक प्राध्यापक ने नई शिक्षा नीति को रोजगार मूलक बताया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महालक्ष्मी रावत ने छात्रों को नई शिक्षा नीति की जानकारी देने विभाग के प्राध्यापकों को धन्यवाद दिया। विद्यालय के व्याख्याता डीआर कट्झरे, चंद्रकांत चंद्राकर, सरिता मेश्राम, आंचल मेश्राम, संगीता ब्योहारे, सुलेखा मिश्रा ने कार्यक्रम में सहयोग दिया। एमए के विद्यार्थी हेमराज साहू, छाया, रूपेश्वरी, कविता, प्रियदर्शनी, प्रणिता भी उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय माध्यमिक उच्चतर विद्यालय राजनांदगांव को शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की ओर से उनके सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### अवैध रूप से शराब परिवहन, आरोपी पकड़ाया

**राजनांदगांव।** बाइक में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 34 पौवा शराब एवं बाइक जब्त की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के



दिशा-निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरीनंदन नायक के पर्यवेक्षण में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक संतोष जायसवाल द्वारा थाना स्टाफ के साथ क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियों, तस्करों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

#### डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार 19 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कालकापारा डोंगरगढ़ निवासी राज नंदेश्वर 24 वर्ष द्वारा शराब दुकान से अधिक मात्रा में शराब लेकर अपने बाइक से बिक्री हेतु परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते ग्राम राका मोड़ पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी से 16 पाव रोमियो देशी मदिरा, 16 पाव जम्बू स्पेशल व्हिस्की, 2 पाव 7 पीएम व्हिस्की (अंग्रेजी) एवं बाइक जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### प्रबंधन ने दिया 28 लाख रुपए का मुआवजा

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत मुआवजे की मांग पर चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फैक्ट्री में काम करने वाला मजदूर ट्रक का धर्मकांटा कराकर लौट रहा था, इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई, जिस पर आक्रोश व्यक्त करते ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग करते शव को लेकर फैक्ट्री के पास प्रदर्शन कर चक्काजाम कर दिया था। कंपनी प्रबंधक एवं ग्रामीणों के बीच समझौता होने के बाद मामला शांत हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत अंजोरा बाईपास फैक्ट्री में कार्य करने वाला मजदूर अंजोरा निवासी तुकाराम साहू बीती रात एक ट्रक का धर्मकांटा कराने के लिए गया हुआ था। ट्रक का धर्मकांटा में वजन कराने के बाद वह पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। रात लगभग साढे 9 बजे हुई इस घटना से मजदूर की मौत हो गई।



#### प्रतिनिधि मंडल में शामिल रहे कांग्रेस नेता

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण सहित कांग्रेस के पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री राहुल तिवारी, अनीस खान, चुम्मन साहू, रितेश जैन, अमित अग्रवाल, हेमू सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। वहीं फैक्ट्री परिसर में प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में फैक्ट्री के प्रबंधक व प्रतिनिधि मंडल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष विपिन यादव, राहुल तिवारी, अनीस खान, चुम्मन साहू, अंगेश्वर देशमुख व परिवार के सदस्य शामिल थे। विस्तृत चर्चा पश्चात प्रबंधन ने तत्काल 5 लाख रुपए की राहत राशि लगभग 23 लाख रुपए अतिरिक्त मुआवजा तथा मृतक के पत्नी को आजीवन पेंशन देने पर सहमति दी।

#### शव को लेकर किया प्रदर्शन

बताया गया कि उक्त घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया था। परिजनों के साथ ग्रामीण सोमनी थाना पहुंचकर फैक्ट्री प्रबंधक को बुलवाने एवं मुआवजे की राशि दिलाने की मांग करने लगे। इसके बाद ग्रामीण मजदूर जिस फैक्ट्री में काम करता था, उसके पास पहुंचकर शव को लेकर प्रदर्शन करने लगे। आक्रोशित भीड़ ने चक्काजाम कर दिया। कुछ देर बाद फैक्ट्री के संचालक मौके पर पहुंचे, जिनके समक्ष मुआवजा राशि की मांग रखी गई। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। ग्रामीणों व संचालक के मध्य 28 लाख का मुआवजा। जिसमें मौके पर पांच लाख रुपए राहत राशि व मृतक के पत्नी को आजीवन पेंशन देने पर समझौता होने के पश्चात मामला शांत हुआ।

### आवेदन करके थक चुके बुजुर्ग ने दी आमरण-अनशन की चेतावनी

**राजनांदगांव।** जिले के घुमका निवासी बुजुर्ग अशोक



दुबे अपने हक और अधिकार के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। वह पट्टे की मांग, पेंशन, छात्रवृत्ति और अपने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पिता बेनीप्रसाद दुबे के सम्मान के लिए लगातार आवेदनों के माध्यम से गुहार लगाते आए हैं, लेकिन अब तक उनकी किसी भी मांग पर कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे त्रस्त होकर उन्होंने अब अपने गांव में ही इस माह के अंत में आमरण-अनशन शुरू करने की चेतावनी दी है।

अपने अधिकारों को लेकर संघर्ष कर रहे अशोक दुबे ने कहा कि शासन-प्रशासन की गलत नीतियों का वह खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व केंद्रीय पट्टे के सर्वे में उनका नाम था, लेकिन अब तक उन्हें पट्टा नहीं मिला है। उन्होंने इसके लिए तहसील से लेकर कलेक्टोरेट तक कई बार आवेदन किया है।

#### पेंशन के लिए भटक रहे

पीड़ित अशोक दुबे ने कहा कि वह वृद्धावस्था पेंशन की मांग भी लंबे समय से आवेदनों के माध्यम से करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक पेंशन भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। गांव के स्कूल को उनके पिता के नाम पर किया गया है, लेकिन किसी भी शासकीय दस्तावेज में उनके पिता के नाम को लेकर कोई सम्मान नहीं मिल रहा है। शासकीय कमकाज में उनके पिता का नाम उल्लेखित नहीं होता है।

0 मकान पर गिरा वृक्ष, नहीं मिला मुआवजा

बार-बार आवेदन करके थक चुके बुजुर्ग अशोक दुबे ने कहा कि बीते वर्ष उनके मकान पर एक पेड़ गिर गया था। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके मुआवजा के लिए भी उन्होंने कई बार आवेदन किया है, लेकिन अब तक मुआवजा प्रकरण तक नहीं बना है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा युवक फांसी पर झूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक ने सुसाईड नोट भी लिखा है। जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता ना मिलने का उल्लेख किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्राम्हणपारा क्षेत्र में किराये का मकान लेकर डोंगरगढ़ निवासी संजीव साहू उम्र लगभग 27 वर्ष ने घर में आज दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतक ने एक सुसाईड नोट भी लिखा है। जिसमें काम्पीटीटी एक्जाम में सफलता ना मिल पाने से डिप्रेशन में रहने की बात कही है। वहीं परिजनों से माफी भी मांगी है। इस घटना की खबर से आसपास सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### 22 को महासम्मेलन

**राजनांदगांव।** संत नामदेव महाराज राष्ट्रीय एकात्मता विश्व महासम्मेलन का आयोजन आगामी 22 फरवरी को रेशीम बाग नागपुर में आयोजित किया गया है। उक्त आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव हिस्सा लेने नागपुर जाएंगे। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश नामदेव ने बताया कि आगामी 22 फरवरी को नामदेव समाज का महाकुंभ भव्य व दिव्य आयोजन महाराष्ट्र के उप राजधानी नागपुर के रेशीम बाग मैदान में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत नामदेव महाराज के विचारों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरस्ता, संगठन शक्ति एवं भावी पीढ़ी के लिए दिशा दर्शन देने वाला यह महासम्मेलन समाज के इतिहास में एक वैचारिक एवं संगठनात्मक मील का पत्थर सिद्ध होगा। उपरोक्त जानकारी दिनेश नामदेव ने दी।

## फर्जी सिम जारी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फर्जी सिम जारी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने पीओएस आपरेटर को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी ने 15 फर्जी सिम जारी किए थे। जिससे 32 ऑनलाइन फ्राड की शिकायते हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सायबर फ्रॉड में अंकुश लगाने हेतु प्वाइंट ऑफ सेल के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिसमें विवेचना के दौरान पुलिस को ज्ञात हुआ कि मोबाइल नंबर 8770041517 सिम क्रमांक 8991932410178116337 यू के माध्यम से पीओएस संचालक सिम संतोष कुमार देवांगन 30 वर्ष निवासी दुर्गा टॉकिज के पीछे वार्ड नंबर 39 राजनांदगांव द्वारा जो कि महावीर चौक स्थित एक संचार केंद्र में पीओएस के रूप में कार्यरत था। 15 सिम कार्ड जारी किए गए थे।

#### सिम का उपयोग ऑनलाइन फ्रॉड में

जारी किए गए सिमों का उपयोग कुल 32 ऑनलाइन फ्रॉड में विभिन्न राज्यों जैसे आंध्रप्रदेश, बिहार, केरल, मध्यप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़, कर्नाटक, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना में साइबर ठगी की गई। प्रकरण में बीएनएस, आईटी एक्ट के धाराओं सहित दूरसंचार अधिनियम 2023 की धारा 42(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी संतोष कुमार देवांगन 30 वर्ष को रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में आरोपी पर कार्रवाई कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में आरक्षक प्रयंश, अविरल और श्रीनिवास की सराहनीय भूमिका रही।

## लॉ कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में वार्षिक समारोह “आरोहण 2026” संपन्न हुआ। उक्त समारोह सत्र भर की उपलब्धियों के उत्सव तथा शिक्षा, खेल एवं विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान के लिए आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की अधिकता के संदर्भ में न्यायिक जवाबदेही अधिनियम की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने महाविद्यालय एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रयासों की सराहना करते विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं अंकिता शर्मा (6वीं रैंक) एवं यांशिका अग्रवाल (8वीं रैंक) को, जिन्होंने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की शीर्ष दस मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, स्वर्ण पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। महापौर ने महाविद्यालय परिसर में बरसात के मौसम में जल भराव की समस्या को सुलझाने के संबंध में उचित व्यवस्था का आश्वासन दिया। नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष सुरेश एच. लाल ने शिक्षा मंडल के प्रथम अध्यक्ष पं. किशोरीलाल शुक्ला सहित मंडल के उद्देश्यों को पूरा करने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करने वाले सम्माननीय पूर्व पदाधिकारियों के कार्यों को अविस्मरणीय बताया।




#### नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़े : जैन

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन ने विधि महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। संस्था उपाध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आज अपनी प्रतिभा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

#### भावी योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम में संस्था सचिव अनिल वार्ष्णेय, सह-सचिव उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कमलेश उभरानी, अशोक चौधरी सहित संस्था के सम्मानित सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. निमिषा मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते वर्षभर आयोजित शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम एवं विधिक गतिविधियों, महाविद्यालय की उपलब्धियों तथा भावी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## प्लांट में सुधार : पानी टंकियों से पेयजल की होगी कम सप्लाई



■ कंचनबाग, लखोली और कन्हारपुरी क्षेत्र होगा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा ग्रीष्म ऋतु के पूर्व मोहारा फिल्टर प्लांट संधारण करने के साथ-साथ निगम सीमाक्षेत्र के सभी पानी टंकियों की सफाई कार्य की गई तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। सुधार की कड़ी में वर्तमान में मोहारा फिल्टर प्लांट के 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पंप सुधार कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण कंचनबाग एवं लखोली (कन्हारपुरी) टंकी पूरी नहीं भर पा रही है।

टंकी पूरी नहीं भरने की स्थिति में उक्त टंकियों से होने वाली सप्लाई क्षेत्र में पर्याप्त पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। पंप मरम्मत कार्य के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि 27 एमएलडी फिल्टर प्लांट का पंप मरम्मत कार्य जारी है, जिस वजह से कंचनबाग व लखोली टंकी पूरी नहीं भर पाने की स्थिति में कंचनबाग टंकी सप्लाई क्षेत्र कंचनबाग, शिवनाथ कालोनी, केशन नगर, जनता कालोनी, राजीव नगर ब्रम्हदेव चौक, बैगापारा, अटल आवास, शंतिविजय कालोनी, राहुल नगर लखोली क्षेत्र में लखोली (कन्हारपुरी) सप्लाई क्षेत्र लखोली, संतोषी नगर, चक्कीपारा, दुर्गा चौक लखोली, संजय नगर, लखोली नाका एरिया, कन्हारपुरी संपूर्ण क्षेत्र, सनसिटी एरिया में पंप सुधार कार्य होने तक कम पानी सप्लाई होगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते सहयोग करने की अपील की है।

## सात दुकानें सील, नंदई में काटे आठ नल कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली में कड़ाई बरतते प्रतिदिन कार्रवाई की जा रही है। साथ ही बकायेदारों का नल विच्छेदनकर कुर्की हेतु अंतिम नोटिस जारी किया गया है। दुकानें सील करने की कड़ी में आज आडिटोरियम के बाजू में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत निर्मित दुकानों में 7 दुकानें सील की गई एवं नंदई के घरों से 8 नल कलेक्शन काटा गया।

वित्तीय वर्ष समाप्ति के अंतिम माह में लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के लिए महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा राजस्व विभाग की प्रतिदिन मानिटरिंग कर रहे हैं तथा बड़े बकायेदारों को अपने बकाया करों का भुगतान करने समझाईस दे रहे हैं। निर्देश पर राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी के नेतृत्व में निगम का अमला दुकानें



सील करने एवं नल विच्छेदन की कार्रवाई कर रही है। दुकानें सील करने की कड़ी में आज गौरवपथ स्थित आडिटोरियम के बाजू मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजनांतर्गत की निर्मित दुकानों के दुकानदारों द्वारा नोटिस उपरांत भी अनुबंध नहीं कराकर किराया जमा नहीं किया जा रहा था, जिस पर कार्रवाई करते 7 दुकानदारों द्वारा अनुबंध एवं किराये की बकाया राशि प्रति दुकान लगभग 1 लाख 10 हजार रुपए जमा नहीं करने पर उक्त दुकानें सील की गई। इसी प्रकार नंदई के 8 करदाता जिन्होंने जलकर की राशि रुपए लगभग 1 लाख जमा नहीं करने पर 8 नल कनेक्शन काटा गया।

### करण बने भाजपा आईटी सेल के सदस्य

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश आईटी सेल में करण कश्यप को सदस्य नियुक्त किए जाने पर प्रदेशभर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। संगठन के प्रति उनकी निरंतर सक्रियता, निष्ठा और समर्पित कार्यशैली को देखते पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।






## खबर संक्षेप

### ग्रामीण किसानों का किया गया सम्मान



**हरिभूमि कवर्धा।** गुड़ उद्योग संचालक विष्णु चंद्रवंशी द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को अंतिम दिवस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानो को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गय। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक तथा क्षेत्र के ग्रामीण किसान गण उपस्थित थें।

### डड़सेना कलार समाज की परिचर्चा बैठक एक मार्च को आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** डड़सेना कलार समाज कबीरधाम की बैठक 1 मार्च को होगी। राजमहल कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। बैठक समाज के जिलाध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल के निर्देशानुसार बुलाई गई है। बैठक में आगामी सामाजिक निर्वाचन के संबंध में जिलाध्यक्ष द्वारा पदाधिकारियों से विचार व मार्गदर्शन आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही वार्षिक सम्मेलन 2025 की समीक्षा भी की जाएगी। अन्य विषयों पर चर्चा जिलाध्यक्ष की अनुमति से होगी। समाज के सभी जिला पदाधिकारी, चारों परिक्षेत्र के पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

### एमए प्रथम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम 83.33 प्रतिशत

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद्र विवि ने सेमेस्टर परीक्षा दिसंबर-जनवरी 2025-26 का परिणाम जारी किया गया। जिसमें परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I Ram Das Patel S/o Budhram Patel R/o-65, Bendarchi, Kawardha, Chhattisgarh-491995

I have change the name of my minor Son Ajna Patel aged 10 Years and he shall hereafter be known as Aagya Patel.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Ram Das Patel
[Signature of Guardian

### बम्हनी में शुरू होगा अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, बुजुर्गों-महिलाओं को मिलेगी राहत

# मंत्री शर्मा ने बम्हनी में लोधी समाज के सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरूवार को ग्राम बम्हनी में लोधी समाज के लिए 20 लाख रूपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। लंबे समय से समाज के लोगों को अपने सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए उचित स्थान की आवश्यकता थी, जिसे उप मुख्यमंत्री की पहल से निर्मित अब यह भवन पूरा करेगा। यह सामुदायिक भवन समाज के लोगों के लिए बैठक, विवाह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामाजिक आयोजन और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित होगा। इससे लोधी समाज के लोगों को अपने कार्यक्रम गांव में ही आयोजित करने की सुविधा मिलेगी। भवन बनने से समाज के लोगों में आपसी मेल-मिलाप बढ़ेगा और एकता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में जरूरी सुविधाएं बढ़ाने और विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

इस दौरान उन्होंने ग्राम बम्हनी में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद प्रदेश में 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि केवल ग्राम बम्हनी में ही पिछले दो वर्षों में 113 आवास स्वीकृत हुएए जिनमें से 84 आवास का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बैठकों और गतिविधियों के लिए गांव में महतारी सदन का निर्माण कराया गया है। प्रदेश भर में ऐसे महतारी सदनों का निर्माण ग्राम पंचायतों में किया जा रहा हैए ताकि महिलाओं को एक सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान मिल सके। इस दौरान जिला ईश्वरी साहू, डॉ वीरेन्द्र साहू, सुरेश सिंगौर, संतोष कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थें।



### युवाओं को रोजगार और गांव को मिलेगा विकास का नया रास्ता: श्री शर्मा

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से आज कई तरह के काम किए जा सकते हैं और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कवर्धा क्षेत्र की महिलाएं और पशुपालक गुजरात के बनासकांठा जिले का भ्रमण कर वहां की डेयरी व्यवस्था और सहकारी गतिविधियों को देखकर आए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि वे स्वयं भी वहां की डेयरी संस्थाओं का कार्य देखने गए थे और वहां से कई उपयोगी अनुभव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, कृषि और अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर काम किया जा सकता है। जिससे लोगों की आय बढ़ेगी और गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने भ्रमण के दौरान मिले अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यदि गांव के लोग मिलकर सहकारी रूप से काम करें तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं।

# नेशनल हाईवे किनारे स्थित सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग किनारे स्थित ग्राम सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला चौक में कई दर्जनों सूखा पेड़ राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। यहां बताना लाजिमी होगा कि देखरेख के अभाव में जो पेड पूरी तरह सूख गए हैं, पेड़ में एक भी पत्ते दिखाई नहीं दे रही है, वहीं वर्तमान में सड़क किनारे ठूठ जैसे दिखाई दे रहा है। जिससे अब राहगीरो के लिए काल बनकर खड़ा हुआ है, ग्रामीणों ने बताया कि सुखे पेड कभी सड़क के बीचों बीच गिर सकते हैं वहीं ग्रामीणों व राहगीरों के लिए छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं को न्योता दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा-बिलासपुर नेशनल हाईव में 24 घंटे तेज रफ्तार वाहनों का आवाजाही लगा रहता है। जिसमें दो पहिया, चार पहिया, भारी वाहन तथा सवारी वाहन दौड़ते हैं, यदि सूखा पेड़ की डालियां अचानक किसी के ऊपर गिरता हैं तो निश्चित बड़ी हादसा होने की संभावना बनी हुई है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने तथा सूखा पेड़ को हटावाए जाने की अपील की गई ताकि छोटी-बड़ी हादसा-दुर्घटना से बचा जा सकें।

# संकुल समन्वयक रामसिंह को प्रधान पाठक पदोन्नति उपरांत विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मक्के में संकुल समन्वयक रामसिंह साहू के जन्मदिन तथा पदोन्नति उपरांत प्रधान पाठक पद पर नियुक्ति के अवसर पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक कपूर चंद्रवंशी, प्रधान पाठिका एलविना विलसन, प्रधान पाठक चंद्रमौली शर्मा, हुकमीचंद धुर्वे, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, शिक्षिका भानुप्रिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, भोला साहू, एसएमसी अध्यक्ष अयोध्या साहू सहित विद्यालय परिवार के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। वक्ताओं ने श्री साहू के शैक्षिक योगदान, कर्तव्यनिष्ठा एवं विद्यार्थियों के विकास हेतु किए गए कार्यो की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। रामसिंह साहू ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। मैंने सदैव शिक्षा को सेवा का माध्यम मानकर कार्य किया है। आप सभी के सहयोग से ही मैं अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर पाया। नई भूमिका में भी मैं विद्यार्थियों के उज्जव भविष्य और शिक्षा की गुणवत्ता के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया।



# कुर्मी समाज के युवाओं ने निकाली बाइक रैली

- शिवाजी महाराज की जन्म जयंती में शिवाजी चौंक में मूर्ति अनावरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज कवर्धा (युवा प्रकोष्ठ) द्वारा वीर योद्धा कुर्मी कूल शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की 396 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर भव्य मोटर सायकिल रैली का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में नगर सहित सभी सात उपक्षेत्रों बिरकोना, लखनपुर, मोहतरा, खरहट्टा, पलानसरी, अमलीडीह, झलमला से बड़ी संख्या में युवाओं, समाज सेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस मोटर सायकिल रैली सिग्नल चौक स्थित कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास से प्रारंभ किया गया जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से होकर क्षत्रपति शिवाजी चौक पहुंचा। जहां रैली के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता एवं अनुशासन का संदेश दिया गया। रैली प्रारंभ होने के पूर्व कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता संदीप चंद्रवंशी ने शिवाजी महाराज के जीवन परिचय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। वे माता जीजाबाई के संस्कारों एवं गुरु समर्थ रामदास के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर एक महान योद्धा, कुशल प्रशासक और दूरदर्शी शासक बने। उन्होंने स्वराज्य की स्थापना कर प्रजा के हित में न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था की। पश्चात युवा अध्यक्ष विरेन्द्र चंद्रवंशी ने शिवाजी महाराज के हिंदुत्व, संस्कृति एवं धर्मरक्षा के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने सनातन संस्कृति, धार्मिक स्वतंत्रता, मंदिरों की रक्षा एवं सामाजिक समरसता को सदैव प्राथमिकता दी। उनके आदर्श आज भी युवाओं को राष्ट्र और समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करना है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, प्रशासन एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस रैली में सचिव कैलाश चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, तुकाराम चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, दीनानाथ चंद्रवंशी, लेखु बाबा, संदीप, योगेंद्र, कैलाश, सुरेंद्र, सुदर्शन, रोमन, नरेन्द्र, गोविंद, उत्तम, संजू, नीलमणि, विजय, टेकसिंह, मनोज, सोनू, मनोहर, गोलू, विनय, देवा, विश्वनाथ, कुमार, बसना, उत्तम, सूर्या, देवी, तोरण, शेखर, सावन, प्रदीप, केशव, संजय, सुरेंद्र, अमित, शेषनारायण, ओमकार, अभिषेक, योगेश, कपिल, देवेंद्र, बृजेश, डोमन, महेंद्र, सुंदर, हरीश सहित अधिक संख्या में चंद्रनाहू कुर्मी समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# भूमिहीन ग्रामीण मजदूरों ने होली के पहले की सहायता राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

होली का त्यौहार नजदीक है, लेकिन भूमिहीन मजदूर किसान आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। एक सप्ताह बाद रंगों का पर्व होली आने वाला है, परंतु अभी तक उनके खातों में शासन द्वारा घोषित 10,000 की वार्षिक सहायता राशि जमा नहीं हुई है। भूमिहीन मजदूरों का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन ने हर वर्ष 10,000 देने का वादा किया था, जिससे वे अपने परिवार के साथ त्यौहार और अन्य आवश्यक जरूरतें पूरी कर सकें। होली जैसे बड़े पर्व से पहले राशि नहीं मिलने से उनमें चिंता और निराशा का माहौल है। भूमिहिन मजदूरों का कहना है कि वे इस सहायता राशि का इंतजार इसलिए कर रहे हैं ताकि उसी से होली का खर्च उठा सकें और परिवार के साथ खुशी-खुशी त्यौहार मनाया जा सके। भूमिहीन मजदूर ने सरकार से मांग की है कि होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द उनके खातों में 10,000 की राशि जमा की जाए, ताकि वे भी समाज के अन्य वर्गो की तरह होली का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मना सकें।

## संस्कृत भाषा बोधन वर्ग-2 का संपन्न



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में संस्कृत-भारती द्वारा त्रि-दिवसीय संस्कृत भाषा बोधन वर्ग का आयोजन किया गया। वहीं समापन समारोह कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ सेवा निवृत्त शिक्षक भूवन तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत भाषा के महत्व एवं सुभाषित श्लोकों का महत्व को जीवन पर्यन्त दिशा-निर्देश करती है। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ भरत चंद्रवंशी ने संस्कृत भाषा के प्राचीन ज्ञान परंपरा के महत्व को बताया एवं आयुर्वेद में आज भी संस्कृत की महत्व के ऊपर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता प्रवीण कुमार झाड़ी प्रांत प्रचारक प्रमुख संस्कृत भारती के द्वारा संस्कृत भाषा के आयाम के ऊपर संस्कृत भाषा में ही व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। वहीं हेमंत साहू प्रांत संगठन मंत्री द्वारा यह बताया गया की संस्कृत भाषा बोल-चाल की भाषा में सरल भाषा है, बिना व्याकरण की भी संस्कृत भाषा को सरल रूप से घरों में भी बोला जा सकता है भारत के कई गांव केवल संस्कृत में ही वार्तालाप करते हैं यह केवल संस्कृत भारती के ही देन से यह संभव हो सका आगे इसमें लोग जुड़ रहे हैं, संस्कृत का प्रचार-प्रसार तेजी से हो रहा है। इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक सचिन गुप्ता, शशांक गुप्ता, हर्ष गुप्ता ने भी संस्कृत के महत्व के ऊपर प्रकाश डालें नगर में संस्कृत भाषा बोधन वर्ग के कारण लोग काफी उत्साहित थे, इस कार्यक्रम में 60 लोग संस्कृत भाषा बोधन वर्ग में सम्मिलित हुए कार्यक्रम में व्यवस्थापक महेश्वर प्रसाद द्विवेदी, जिला संयोजक अमित मिश्रा, सतीश मिश्रा, रविंद्र चंद्रवंशी, जयंत बैस, कन्हैया तिवारी, श्रीमती ममता गुप्ता, सुश्री डलेश्वरी साहू इत्यादि संस्कृत प्रशिक्षक उपस्थित थें। संस्कृत भारती प्रांत के कार्यकर्ता भी उपस्थित थें, जिसमें बहोरन पटेल संस्कृत विद्वत परिषद जैनेंद्र दीवान दुर्ग संभाग संयोजक निलेश तिवारी बेमेतरा संयोजक आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में सफल संचालन रविंद्र चंद्रवंशी, नगर संयोजक कवर्धा द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम तीन दिवस तक गुप्ता धर्मशाला पाण्डातराई में आयोजित किया गया, जिसमें सभी नगर के लोग संस्कृत सीखने की प्रति ललकता को प्रदर्शित किया।

## होलिका की तैयारियां...



**कवर्धा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका पर्व की तैयारियों जोरों पर।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील तरेगांव जंगल, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ब-121 वर्ष- 2025
ग्राम- काशीपानी

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासीगण ग्राम काशीपानी प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. तरेगांव जंगल तहसील बोड़ला को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुन्दर सिंह पिता सभूला जाति बैगा निवासी तिनसाटोला (काशीपानी), उपतहसील-तरेगाव जंगल जिला-कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र विदेशीराम का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत-कामाडबरी जिला-कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, पंचनामा, प्रारूप 10, की प्रति सहित आवेदन इस न्यायालय में आवदेन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपथित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 18.02.2026
पेशी तिथि - 06.03.2026

मुहर
नायब तहसीलदार
तरेगांव जंगल

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील तरेगांव जंगल, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ब-121 वर्ष- 2025
ग्राम- काशीपानी

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासीगण ग्राम काशीपानी प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. तरेगांव जंगल तहसील बोड़ला को सूचित किया जाता है कि आवेदक काशीराम बैगा पिता फगनू बैगा जाति बैगा निवासी तिनसाटोला (काशीपानी), उपतहसील-तरेगाव जंगल जिला-कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा अपने पुत्र शोभलाल का जन्म पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु ग्राम पंचायत-कामाडबरी जिला-कबीरधाम (छ.ग.) को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ.ग. जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, पंचनामा, प्रारूप 10, की प्रति सहित आवेदन इस न्यायालय में आवदेन पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपथित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 18.02.2026
पेशी तिथि - 06.03.2026

मुहर
नायब तहसीलदार
तरेगांव जंगल

## मवेशियों के सड़क पर बैठे रहने से यातायात प्रभावित

# सड़क पर मवेशियों के जमावड़ा, राहगीर व वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग सड़क व सड़क किनारे स्थित ग्राम पंचायत जोरताल, सिंघनपुरी, बरबसपुर, बीजाझोरी, हरिनछपरा, राम्हेपुर कला तथा नेवारी, जमुनिया, डबराभाट, जेवडन खुर्द और रवेली मार्ग चौक सहित सकरी नदी पर बने पुल पर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा लगातार बना रहता है। सड़क और पुल के बीचों-बीच बड़ी संख्या में मवेशी खड़े या बैठे रहते हैं, जिससे वाहन चालक सहित अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई के कारण चलती गाड़ियों से टक्कर हो जाती है, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो जाते हैं। साथ ही यातायात प्रभावित होता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पशुपालक अपने मवेशियों को सड़क और पुल पर खुला छोड़ देते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि बेजुबान मवेशी सही-गलत का निर्णय नहीं कर सकते, इसलिए प्रशासन की जिम्मेदारी बनती है कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए। क्षेत्रवासियों ने कबीरधाम जिला प्रशासन से मांग की है कि मवेशी पालकों पर सख्त कार्यवाही की जाए और नेशनल मार्ग व रवेली मार्ग के चौक-चौराहों तथा पुल से मवेशियों को हटाने की व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों ने सुझाव दिया है कि सड़क सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति की जाए, जो 24 घंटे सड़क व पुल-पुलिया पर निगरानी रखें और मवेशियों को तत्काल हटाने की व्यवस्था करें। उनका मानना है कि शासन-प्रशासन को नवाचार पहल करते हुए ऐसी ठोस व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे सड़क हादसों पर रोक लगे और किसी की जान न जाए। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों से भी इस समस्या पर तत्परता दिखाने की अपील की गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा: कबीरधाम में बनाए 5 परीक्षा केंद्र, 2220 परीक्षार्थी होंगे शामिल

■ राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी 2026 को, परीक्षार्थियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 आगामी 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए कबीरधाम जिले में 05 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 2220 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों द्वारा अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को सभी वयवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन अभ्यर्थियों के नाम,सरनेम तथा फोटो पहचान पत्र में किसी भी प्रकार का अंतर है वे अपने नाम परिवर्तन संबंधी शपथ पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करने पर ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी अपने पास केवल निम्न वस्तुएं रख सकेंगे। इनमें लेबल रहित पारदर्शी व्यक्तिगत पानी की बोतल, केवल संबंधित परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए ऑनलाईन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट, मूल पहचान पत्र जैसे-मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट, ड्रायविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अथवा ई-आधार कार्ड, यदि प्रवेश पत्र परीक्षा का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत छपा हो, केवल तभी 2 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ, काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन, ऐसी विवरणात्मक परीक्षा जिसमें चित्र बनाए जाने की आवश्यकता हो तब इस हेतु आयोग द्वारा एचबी पेंसिल के प्रयोग की अनुमति होगी। उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई सामग्री अभ्यर्थी के पास पाए जाने पर उनके विरूद्ध अनुचित साधन के प्रयोग का प्रकरण बनाया जा सकेगा। अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की घड़ी (मैकेनिकल, स्मार्ट वॉच ) धारण करने की अनुमति नहीं होगी।

अभ्यर्थियों को जूते अथवा मोटे सोल या ऊंची हील वाले फुटवियर पहनने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी केवल पतले सोल वाली चप्पलें अथवा स्लीपर पहन सकते है। अभ्यर्थियों को नजर के चश्मों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार के चश्मे, गॉगल्स, गूगल, मेटा या अन्य डिजिटल ग्लासेस, चश्में पहनने की अनुमति नहीं होगी। ऐसे दिव्यांग अथवा बीमार अभ्यर्थी जिन्हें चिकित्सकीय कारणों से जूते अथवा उपकरण धारण करने की आवश्यकता हो उन्हें गहन जांच के अधीन जूते अथवा उपकरण धारण करने की अनुमति होगी।

ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जिन्हें संबंधित जिला कार्यालय के माध्यम से सहलेखक की अनुमति प्राप्त हो, के मामले में संबंधित सहलेखक को भी अभ्यर्थियों हेतु जारी सारे निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।




## परिक्षा में प्रवेश के लिए दिशा निर्देश जारी

अभ्यर्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश ले सकते है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा। अभ्यर्थी कार्गो एवं डिजाइनर कपड़े पहनकर परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। सामान्य जींस पैंट या अन्य पैंट पहनने की अनुमति होगी। महिला अभ्यर्थी सलवार-कुर्ती तथा चुनरी (दुपट्टा) पहन सकेंगे, लेकिन कुर्ती की बांह छोटी (आधी) होनी चाहिए। साड़ी के साथ पहने जाने वाली ब्लाउज की बांह आधी होनी चाहिए। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धर्म/रिवाजों के अनुसार अत्यंत आवश्यक आभूषण एवं प्रतीक चिन्हों को छोड़कर अन्य आभूषण/प्रतीक धारण करने की अनुमति अभ्यर्थियों को नहीं होगी। विवाहित महिला अभ्यर्थियों को एक नोज पिन तथा एक मंगलसूत्र धारण करने की अनुमति होगी। उक्तानुसार किसी भी आभूषण/प्रतीक के धारण किए जाने की अनुमति गहन जांच के अधीन दी जाएगी। निर्दिष्ट सामग्री के अलावा किसी भी प्रकार की सामग्री, आभूषण, प्रतीक चिन्ह अथवा उपकरण लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपनी स्वयं की जिम्मेदारी एवं व्यवस्था के अनुसार उक्त सामग्री, आभूषण, प्रतीक चिन्ह अथवा उपकरण को परीक्षा केन्द्र के बाहर रखने की व्यवस्था करेंगे।

## खबर संक्षेप

### गौप्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा 7 से



**स.लोहारा।** सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिरनपुर स्थित बावा चौरा में आगामी 7 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले गौप्रतिष्ठा महायज्ञ एवं शिवपुराण कथा के सफल आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। इसी क्रम में 18 फरवरी को दण्डिस्वामी ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती महाराज (सलधा, बेमेतरा जिला) द्वारा कथा स्थल का निरीक्षण कर ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान दण्डिस्वामी महाराज ने कथा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, कथा पंडाल की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा, स्वच्छता, जल व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के धार्मिक एवं आध्यात्मिक उत्थान का महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं की सहभागिता आवश्यक है। बैठक के दौरान कथा के विभिन्न कार्यक्रमों, धार्मिक अनुष्ठानों, गौप्रतिष्ठा महायज्ञ, भंडारा एवं अन्य आयोजनों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। दण्डिस्वामी जी ने सभी ग्रामवासियों से सहयोग एवं समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

### जिला पंचायत की बैठक 25 फरवरी को

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 25 फरवरी को आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ विनय पोयाम ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक दोपहर 1.30 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित होगी।

### प्रमुख प्राथमिक शाला में नेवता भोज का आयोजन



**कवर्धा।** शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला में व्याख्याता संजय श्रीवास्तव द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नेवता भोज में खीर, पूड़ी, दाल, चावल, छोले एवं सब्जी जैसे स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई। सभी ने मिलकर आत्मीय वातावरण में भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं पारिवारिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक ने इस अवसर पर सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी सद्भाव, सहयोग एवं टीम भावना को सुदृढ़ करते हैं।

**सौगात:** 13.6 किमी की 3 नई सड़कें बनेगी, गांवों का शहर से संपर्क होगा मजबूत

# डिप्टी सीएम ने रखी 12.63 करोड़ से बनने वाली सड़क की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा क्षेत्र में गांवों को शहर से जोड़ने के लिए 12 करोड़ 63 लाख 55 हजार रुपये की लागत से कुल 13.6 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इससे ग्रामीणों का आवागमन आसान होगा और उन्हें शहर तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज तीन सड़कों के निर्माण, मजबूती और उन्नयन कार्य का भूमिपूजन कर काम की शुरुआत की। भूमिपूजन किए गए कार्यों में एमएल 01 मेन रोड से बैहरसरी तक 8.80 किलोमीटर सड़क 6 करोड़ 5 लाख 87 हजार रुपये की लागत से बनाई जाएगी। मदनपुर से बटुराकछार तक 1.40 किलोमीटर सड़क 2 करोड़ 69 लाख 81 हजार रुपये में बनेगी। वहीं खड़ौदा से मदनपुर तक 3.40 किलोमीटर सड़क का निर्माण, मजबूती और उन्नयन 3 करोड़ 87 लाख 87 हजार रुपये की लागत से किया जाएगा। इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के कई गांवों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी और लोगों की आवाजाही पहले से अधिक सुगम हो जाएगी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने ग्राम बैहरसरी में 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गांव का विकास किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें अच्छी सड़कों के माध्यम से शहरों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क बनने से लोगों का आना-जाना आसान होगा और किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों तथा आम लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। अच्छी सड़क होने से किसान अपनी फसल आसानी से बाजार तक पहुंचा सकेंगे, खर्च कम होगा और समय की बचत होगी। साथ ही बच्चों को स्कूल-कॉलेज जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी सुविधा मिलेगी। इससे पूरे क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा और लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विकसित भारत जी राम जी योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पहले के 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। यदि निर्धारित समय में काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो संबंधित परिवार को बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी रखा गया है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास की प्राथमिकताएं अब ग्राम पंचायत स्वयं तय करेगी, जिससे स्थानीय जरूरतों के अनुसार कार्य किए जा सकेंगे। इस योजना के माध्यम से जल संरक्षण, तालाब निर्माण, नाली-सड़क जैसी मूलभूत ग्रामीण अधोसंरचना, भूमि सुधार, पौधारोपण तथा अन्य विकास कार्य मनरेगा के तहत व्यापक रूप से कराए जा सकेंगे।

## डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने लोगों को दी योजनाओं की जानकारी



लोगों को जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री ने बताया कि नई सरकार बनने के बाद गांव में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए हैं, जिससे पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवास प्लस 2024 सर्वे के माध्यम से ऐसे परिवारों की पहचान की गई है जो वास्तव में आवास के पात्र हैं। सर्वे सूची को ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जाएगा और ग्राम सभा के प्रस्ताव के बाद सभी पात्र हितग्राहियों को क्रमवार आवास प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में न रहे और सभी को सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवास उपलब्ध हो। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत विदेशी राम धुर्वे, विजय पटेल, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 22 पौवा देशी शराब जब्त एक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स.लोहारा

स. लोहारा पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 22 नग देशी पौवा तथा अवैध ढंग से शराब बिक्री कर प्राप्त 200 रूपए की रकम जप्त की है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी लोहारा को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि मुन्ना कबाड़ी की दुकान के पीछे ग्राम सिल्हाटी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी प्लेन शराब की बिक्री कर रहा है। इस सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर आरोपी गौकरण मिर्जा (सतनामी) पिता फिरन सतनामी उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 सतनामी पारा स. लोहारा जिला कबीरधाम (छ.ग.) को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 22 पौवा देशी प्लेन शराब एवं 200 रुपए बिक्री रकम जप्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना स. लोहारा में धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई संदीप चौबे, प्रधान आरक्षक अश्वनी पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, आरक्षक राजू सोनवानी का सराहनीय सहयोग रहा।

## पांडातराई के लवकेश ने अर्जित की पीएचडी उपाधि




**पाण्डातराई।** नगर निवासी लवकेश कुमार पाण्डेय ने हिंदी साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करते हुए डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा (छत्तीसगढ़) से पीएचडी की उपाधि अर्जित की है। उनका शोध विषय था 'कपिलनाथ कश्यप के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन जिसका निर्देशन विश्वविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मंजू भट्ट ने किया। अपने शोध में लवकेश कुमार पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ के प्रख्यात साहित्यकार कपिलनाथ कश्यप के साहित्य में निहित सांस्कृतिक चेतना, लोकपरंपराएँ, सामाजिक संरचना, धार्मिक आस्थाएँ और क्षेत्रीय अस्मिता का गहन एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। उन्होंने अपने शोध के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि श्री कश्यप का साहित्य केवल धार्मिक आख्यानों का पुनर्पाठ नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति और लोकजीवन का सशक्त दस्तावेज है। श्री राम कथा, श्री कृष्ण कथा और महाभारत कथा जैसी कृतियों के माध्यम से कश्यप जी ने क्षेत्रीय भाषा को साहित्यिक प्रतिष्ठा प्रदान की। इस तथ्य को शोध में प्रमाण सहित स्थापित किया गया है। लवकेश कुमार पाण्डेय साहित्यिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में सहभागिता करते हुए अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए हैं। उनके द्वारा 'महाप्राण निराला' तथा श्यामलाल चतुर्वेदी पर समीक्षात्मक दृष्टि' नामक पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं। अपनी इस उपलब्धि को उन्होंने अपने माता-पिताजी एवं बड़े पिताजी पंडित अशोक पाण्डेय के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया।

# वीबी जी राम जी योजना से लाखों मजदूरों को मिलेगा लाभ, विपक्ष फैला रहा भ्रम: राजेंद्र चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में बुधवार को सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ग्राम उड़िया में चल रहे तालाब गहरीकरण कार्य का अवलोकन किया गया। साथ ही कार्य में लगे सैकड़ो मजदूरों से भेंट मुलाकात कर चौपाल लगाई गई। चौपाल में भाजपा जिला अध्यक्ष ने मनरेगा की जगह नए प्रस्तावित वीबी जी राम जी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इसके फायदे के बारे में भी मजदूरों को बताया द्य श्री चंद्रवंशी ने कहा वीबी जी रामजी योजना से मजदूरों को शत प्रतिशत लाभ होगा। विपक्ष भ्रम फैलाकर मजदूरों को भ्रमित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा इस योजना के तहत रोजगार को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है। साथ ही योजना की राशि में भी वृद्धि की गई है जिसका सीधा लाभ



मजदूरों को होगा। उन्होंने बताया यह कानून पीएम नरेंद्र मोदी के दूर दृष्टि को दर्शाता है जिससे वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में यह कानून सहायक होगा। चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित कवर्धा के पूर्व विधायक व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि वीबी जी रामजी योजना का उद्देश्य केवल मजदूरी उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि गांवों को रोजगार देना और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा अब विकास की योजनाएं पंचायत भवन तक सीमित न रहकर सीधे ग्राम सभा के माध्यम से तय होंगी। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। तालाब गहरीकरण कार्य से जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में किसानों को इसका लाभ मिलेगा। वीबी जी राम जी चौपाल कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष परेटन वर्मा, महामंत्री दुर्गेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लाला राम साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज वैष्णव आदि उपस्थित थे।

## बैरख हाई स्कूल में विदाई समारोह का भव्य आयोजन



**बोड़ला।** वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल बैरख के सभागार में आज कक्षा नवमी के विद्यार्थियों के द्वारा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य सोहन कुमार यादव ने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा को एक उत्सव के तरह मान कर खुशी के साथ दिलाने कहा एवं सभी बच्चों को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय में अध्यापन के अनुभव साझा किया। कहा नवमी के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर को कंपास, पेन भेंट किए एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में श्रीमती मंजू नागवंशी को प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम को जनपद सदस्य सरला श्याम मसराम, सरपंच सुधारी मसराम, व्याख्याता संजय कुमार जायसवाल, प्रेमलता ठाकुर, प्रधान पाठक आरती झारिया प्रधान पाठक सुरतिया राम साहू,चमेश रावटे, केशव प्रसाद भारद्वाज, चैन सिंह धुर्वे एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व व विकास कार्यों पर जताया विश्वास

# सरपंच सुरेश कौशिक सहित ग्रामीण भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कवर्धा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के सरपंच सुरेश कौशिक ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी का परित्याग कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की । सभी ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व, सुशासन और क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से सुरेश कौशिक सरपंच, संतोष पटेल, योगेश धुर्वे, दुकेश्वर, लाला राम, मोहन, रामायण, छिन्नु, हेमराज, दुखुराम, रामकुमार, अश्वनी, रमेश, मनोहर, रामवतार, आशकरण, कैलाश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा शामिल रहे। इस अवसर पर सरपंच सुरेश कौशिक ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और सुशासन से प्रभावित होकर हम सभी ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। हमें विश्वास है कि भाजपा के साथ जुड़कर हम अपने ग्राम और क्षेत्र के विकास में और अधिक योगदान दे सकेंगे। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि यह भाजपा की जनहितकारी नीतियों, सुशासन और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। ग्राम बम्हनी में सैकड़ों लोगों का भाजपा में प्रवेश संगठन की बढ़ती ताकत और जनसमर्थन को दर्शाता है। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने भाजपा के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए क्षेत्र में विकास की गति को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# तेंदूपत्ता शाखकर्तन संबंधी दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत आने वाले समस्त फड़ प्रभारी, फड़मुंशी, प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के अध्यक्ष, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को 19 फरवरी को एक दिवसीय शाखकर्तन संबंधी प्रशिक्षण काष्ठागार डिपो कवर्धा में प्रदाय किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती एम. मर्सीबेला, मुख्य वन संरक्षक, दुर्ग वृत्त दुर्ग, दुखीराम धुर्वे, अध्यक्ष, जिला यूनियन कवर्धा, भागवत साहू, उपाध्यक्ष, जिला यूनियन कवर्धा, निखिल अग्रवाल, प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा, श्रीमती अनिता साहू, उप प्रबंध संचालक, जिला लघु वनोपज सहकारी संघ कवर्धा एवं डॉ. सीपी रहांगडाले, वैज्ञानिक फारेस्ट्री, कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धाकी उपस्थिति में संपन्न हुआ।



तेंदूपत्ता सीजन वर्ष 2026 में तेंदूपत्ता संग्रहण दर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा तथा शाखकर्तन कार्य दर 70 रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित है। जिला यूनियन कवर्धा अंतर्गत कुल 19 समितियां, 24 लॉट एवं 269 फड़ संचालित है। प्रशिक्षण में शाख कर्तन (बूटा कटाई) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें शाख कर्तन (बूटा कटाई) क्यों करे, कब करें, कहां करें, कैसे करें, निरीक्षण, भुगतान एवं महत्वपूर्ण सावधानियां के बारे में पावरप्वाईंट प्रजेंटेश के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में समस्त संचालक मंडल सदस्यगण, जिला यूनियन कवर्धा, कवर्धा वनमंडल के समस्त उप वनमंडलाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, समस्त पोषक अधिकारी, समस्त प्रबंधक, प्राईवेट लिमिटेड वनोपज सहकारी समिति के समस्त फड़मुंशी, समस्त फड़ अभिरक्षक, समस्त समिति अध्यक्ष, वन प्रबंधन समति के समस्त अध्यक्ष एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।